# 15 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतरे : योगी

## मुख्यमंत्री ने किया कौशल मेला और प्रदर्शनी का उद्घाटन, 15 अभ्यर्थियों को 'यूथ आइकान' सम्मान प्रदान किया

● कहा-दक्ष युवा आत्मनिर्भर भारत की रीढ़, 50 लाख नौजवानों को दिए टैबलेट-स्मार्टफोन

● युवाओं को उनकी रुचि और योग्यता के अनुसार सक्षम बनाकर ही विकसित बनेगा उप्र

राज्य ब्यूरो, जागरण ● लखनऊ: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतर चुके हैं। इससे लाखों युवाओं को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि दक्ष युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत हैं। अगर प्रदेश को विकसित बनाना है, तो यहां के युवाओं को उनकी रुचि और योग्यता के अनुसार प्रशिक्षित कर सक्षम बनाना होगा।

विश्व युवा कौशल दिवस पर मंगलवार को मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय कौशल मेला एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज का युवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलाजी और थ्री डी प्रिंटिंग जैसे क्षेत्रों में खुद को साबित कर रहा है। सरकार ने अब तक 50 लाख युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित कर उन्हें डिजिटल रूप से सशक्त बनाया है। 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आइटीआइ) को आधुनिकतम टेक्नोलाजी से जोड़ा गया है। 400 से अधिक सरकारी और 3000 निजी आइटीआइ में युवाओं को कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिल रहा है। निजी आइटीआइ में पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति और अन्य प्रोत्साहन भी मिल रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश के 75 जिलों से आए युवाओं ने अपनी प्रतिभा और प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर 15 अभ्यर्थियों को 'यूथ आइकन' सम्मान और पांच कौशल रथों को रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं की सफलता की कहानियों को प्रेरणादायक बताया और कहा कि यदि युवा सही दिशा में प्रयास करें, तो रोजगार की कोई कमी नहीं है। युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने सरकार की ओर से शुरू की गई सीएम युवा योजना का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान, श्रम व सेवायोजन राज्य मंत्री मनोहर लाल मन्नु, मुख्य सचिव मनोज सिंह, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, प्रमुख सचिव डा. हरिओम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विश्व युवा कौशल दिवस पर आयोजित मेला एवं प्रदर्शनी का अवलोकन करते। साथ में कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, लघु एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान। कार्यक्रम में 75 जिलों से आए युवाओं ने अपनी प्रतिभा और प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया ● जागरण

### 15 युवाओं को यूथ आइकन सम्मान

लखनऊ के निर्मल कुमार, पूजा पाल, पूजा विश्वकर्मा, शुभम राजपूत व अरुण कुमार गौतम, बरेली के मुजीब खान, अयोध्या के करण निषाद, हरदोई के भूपेंद्र कुमार, नोएडा के विकी कुमार, संभल के अभिषेक वर्मा, अंबेडकरनगर की रुचि, प्रयागराज की मनीषा सोनकर, इटावा की संतोष पाल, बरेली की कंचन और गोरखपुर की निशा जायसवाल को सीएम ने यूथ आइकन से सम्मानित किया।

### युवा इंडस्ट्री में करेंगे प्रोजेक्ट वर्क, मिलेगा स्टाइपेंड

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में कहा कि नई पहल के तहत अब युवा इंडस्ट्री में प्रोजेक्ट वर्क करेंगे। उन्हें पीएम और सीएम इंटर्नशिप योजना के तहत 5000 रुपये मासिक स्टाइपेंड भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) योजना के माध्यम से 1.5 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। वहीं 'मुख्यमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना' के अंतर्गत एक लाख से ज्यादा पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण और टूलकिट प्रदान की गई है।

### उद्योग प्रतिनिधियों को 'इंडस्ट्री एम्बेसडर' सम्मान

कार्यक्रम में उद्योग प्रतिनिधियों को 'इंडस्ट्री एम्बेसडर' सम्मान भी दिया गया। साथ ही मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज के साथ नालेज पार्टनर के रूप में एमओयू किया गया। व्यावसायिक शिक्षा व कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उद्योगों की मांग के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। सही तराके से प्रशिक्षण लेने के बाद कोई भी युवा बेरोजगार नहीं रहेगा।

### आइटीआइ में विदेशी भाषाओं के प्रशिक्षण की हो व्यवस्था

मुख्यमंत्री ने विदेश में यूपी के कुशल युवाओं के लिए बढ़ते अवसर को देखते हुए सुझाव दिया कि आइटीआइ में जर्मनी, जापानी जैसे विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था होनी चाहिए।

यह और उप्र की राजनीति, सरकार और अपराध संबंधित अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें